एक नजर में

ग्राम उमरी किला खंडारा में किया पौधरोपण

बैतूल। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम उमरी किला खंडारा में 50 आम एवं जामुन के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाना तथा फलदार वृक्षों के माध्यम से प्रकृति और समाज को दीर्घकालिक लाभ पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी, जिला समन्वयक संतोष सिंह राजपूत, नवांकुर संस्था अंश सेवा समिति, बैतूल से श्रीमती सावी मालवीय तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के भवानी शंकर, नकुल भुसारे एवं राजेंद्र रावत, संतोषी रावत सुखदेश भुसारे, राम चढोकार उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने पौधारोपण के साथ पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

गायत्री परिवार का मौन साधना शिविर कल

बैतूल। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष के अवसर पर चल रहे साधना अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय मौन साधना शिविर का आयोजन 26 जुलाई, रविवार को किया जाएगा। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक रविशंकर पारखे एवं सह समन्वयक राजकुमार पालीवाल ने बताया कि शिविर सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक चिचोली के मालीपुरा स्थित श्री साईं मंदिर परिसर में आयोजित होगा। इस दौरान जिला समन्वय समिति की विचार गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। शिविर में जिले के सभी जिला समन्वय समिति सदस्य, तहसील समन्वयक, साधना प्रभारी एवं गायत्री परिवार के परिजन सहभागी बनेंगे। तहसील समन्वयक रजनी सोनी ने सभी निर्धारित परिजनों से समय पर उपस्थित होकर मौन साधना शिविर को सफल बनाने की अपील की है।

कैरियर मूल्यांकन परीक्षण आयोजित

मुलताई। स्कूल शिक्षा के बाद केरियर निर्धारित करने के लिए उच्च शिक्षा का चयन करने के संबंध में विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन के लिए नगर के चार स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए टैलेंट एंड केरियर असेसमेंट टेस्ट का आयोजन किया गया। पूर्व छात्र अक्षद जोशी एवं साथियों द्वारा गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के उपलक्ष में नगर के गुरुकुल स्कूल न्यू कार्मल हायर सेकेंडरी स्कूल पीएम श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल और संदीपनी स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए टैलेंट एंड केरियर असेसमेंट टेस्ट का निशुल्क का आयोजन किया गया। अक्षद जोशी ने बताया गणित और जीव विज्ञान संकाय में कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए टीसीए का आयोजन किया गया।जिसने विद्यार्थियों को संबंधित विषय से जुड़े 30 प्रश्न हल करने दिए ।प्रश्न हल के लिए कुल 30 मिनिट का समय निर्धारित था। टेस्ट में चारो स्कूलों के 700 विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता दर्ज कर प्रश्न हल किए। दोनों संकाय में टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन तीन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। अक्षद जोशी ने बताया कि टेस्ट के लिए प्रश्न तैयार करने में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वीजी रामजी योजना भी नहीं बढ़ा सकी पंचायतों में श्रमिकों की संख्या

नवभारत न्यूज

बैतूल, 24 जुलाई. वीजी रामजी योजना के लागू होने के बाद ग्रामीण मजदूरों को अधिक लाभ मिलने की उम्मीद थी, लेकिन जिले में इस योजना के प्रति मजदूरों की रूचि नहीं बढ़ी है।

जिले की पंचायतों में सिर्फ 4405 मजदूर सक्रिय

अधिक मजदूरी के लिए दूसरे शहर का रुख

हालात यह है कि जिले की 554 पंचायतों में से 445 पंचायतों के 4405 मदजूरों द्वारा वीजी रामजी योजना में काम किया जा रहा है, जबकि वीजी रामजी योजना के तहत दैनिक मजदूरी 261 रुपये रुपये से बढ़ाकर 300 रुपए और रोजगार की गारंटी भी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई। बता दे कि जिले में एक जुलाई से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की जगह वीजी रामजी योजना लागू की गई है। इस योजना से ग्रामीण मजदूरों को अधिक लाभ मिलने की उम्मीद थी, लेकिन मजदूरी बढने के बावजूद योजना अपेक्षित संख्या में श्रमिकों को आकर्षित नहीं कर पा रही है। इसके पीछे ग्रामीण मजदूरों का मत है कि बड़े शहरों में उन्हें स्थानीय योजना से अधिक मजदूरी और नियमित काम मिलता है। इसी वजह से हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रमिक जिले से बाहर पलायन कर जाते हैं। ऐसे में केवल मजदूरी दर बढ़ा देना पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। समय पर भुगतान, लगातार रोजगार और स्थानीय स्तर पर बेहतर कार्य उपलब्ध कराना भी उतना ही जरूरी है।

अधिक मजदूरी के लिए दूसरे शहरों का रूख : ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की मांग भी पहले की तुलना में कम दर्ज की जा रही है। विशेषज्ञों और अधिकारियों का मानना है कि खरीफ सीजन के कारण अधिकांश ग्रामीण मजदूर अपने खेतों में काम करने में व्यस्त हैं, जबकि बड़ी संख्या में श्रमिक रोजगार की तलाश में जिले से बाहर भी पलायन कर चुके है। इधर कई मजदूरों का कहना है कि बड़े शहरों में उन्हें स्थानीय योजना से अधिक मजदूरी और नियमित काम मिलता है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रमिक जिले से बाहर पलायन कर जाते हैं। ऐसे में केवल मजदूरी दर बढ़ा देना पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। समय पर भुगतान, लगातार रोजगार और स्थानीय स्तर पर बेहतर कार्य उपलब्ध कराना भी उतना ही जरूरी है।

खरीफ सीजन को मान रहे मजदूर नहीं बढने की वजह : अधिक मजदूरी दर घोषित होने के बाद भी योजना में श्रमिकों की संख्या नहीं बढ़ सकी। इसके पीछे अधिकारी खरीफ सीजन को वजह मान रहे है। जिला पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि वीजी रामजी योजना में खेती के मौसम को देखते हुए 60 दिन तक कार्य अवकाश का प्रावधान रखा गया है।

> तकनीकी समस्या होने की वजह से अभी सभी पंचायतों में काम स्वीकृत नहीं हुए है। सभी पंचायतों में काम स्वीकृत होते ही मजदूरों की संख्या बढ़ सकती है।
>
> **– इंदिरा मेहतो,** एडशिनल सीईओ जिला पंचायत बैतूल

दो लाख से अधिक जॉब कार्डधारी जिले में पंजीकृत

आंकड़े बताते हैं कि जिले में दो लाख से अधिक पंजीकृत जॉब कार्डधारी मजदूरों में से वर्तमान में केवल 4,405 मजदूर ही कार्यरत हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो भीमपुर में सबसे अधिक 694 मजदूर कार्यरत हैं, जबकि चिचोली में सबसे कम 274 मजदूर काम कर रहे हैं। इसके अलावा घोड़ाडोंगरी में 548, शाहपुर में 460, भैंसदेही में 442, आमला में 440, प्रभातपट्टन में 402, मुलताई में 388, आठनेर में 386 तथा बैतूल विकासखंड में 371 मजदूर कार्यरत हैं। जिले की 445 ग्राम पंचायतों में कुल 4,405 मजदूर योजना के तहत काम कर रहे हैं। जबकि वीजी रामजी योजना को शुरू हुए करीब 19 दिन हो चुके हैं। इस दौरान मजदूरों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई।

मजदूरी के भुगतान में लेटलतीफी से मोहभंग

पंचायतों में काम करने के बाद भी मजदूरी भुगतान में लेटलतीफी होती है। मजदूरी भुगतान में होने वाली देरी भी मजदूरों की बेरुखी का बड़ा कारण है। कई बार मजदूरों को भुगतान के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। जिससे उनकी आर्थिक जरूरतें समय पर पूरी नहीं हो पाती है। समय पर मजूदरी भुगतान नहीं होने से मजदूर भी पंचायतों के कार्यो में रूचि नहीं लेते है और शहरों की ओर पलायन करते है। मजदूरों का कहना है कि शहरों में प्रतिदिन मजदूरी की दर भले ही कम-ज्यादा रहती है, लेकिन उन्हें समय पर भुगतान मिल जाता है। रोजगार का समय भी अधिक रहता है। जिससे उनकी आर्थिक जरूरते पूरी करने में सहुलियत मिलती है।

खड़ी ट्रॉली से टकराई बाइक, 17 वर्षीय किशोर की मौत

बैतूल। बैतूल-परतवाड़ा स्टेट हाईवे पर गुरुवार देर रात सड़क हादसे में 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना केरपानी घाट में रात करीब 12.30 बजे हुई, जब एक खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा गई।

हादसे में युवक का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान ग्राम जमन्या निवासी दुर्गेश पिता मुन्ना कासदेकर (17) के रूप में हुई है। वह मजदूरी का काम करता था और अपने एक साथी के साथ बैतूल से गांव लौट रहा था। घायल युवक के हाथ में फ्रैक्चर बताया गया है। केरपानी घाट पहुंचते ही उनकी बाइक सड़क पर पंचर होने के कारण खड़ी ईंटों से भरी ट्रॉली से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दुर्गेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही झल्लार थाना प्रभारी वाहिद खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और शनिवार को प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी वाहिद खान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रैक्टर का पंचर होने के कारण ट्रॉली सड़क पर खड़ी थी। ड्राइवर की जिम्मेदारी थी कि वह संकेतक या चेतावनी चिन्ह लगाकर अन्य वाहन चालकों को सतर्क करता और मौके पर मौजूद रहता। हालांकि, ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया और ट्रॉली वहीं छोड़ दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार ट्रैक्टर ड्राइवर की तलाश की जा रही है और जांच के बाद उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि अभी मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद ही हादसे की सहीं जानकारी सामने आयेगी।

पेपर लीक मामले में विद्यार्थियों ने रैली निकाली

मुलताई। पेपर लीक मामले में जंतर मंतर पर आंदोलन कर विद्यार्थियों पर पुलिस बल का प्रयोग करने के विरोध एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार को नगर के विद्यार्थियों द्वारा नागपुर नाके से ररली निकालकर जमकर नारेबाजी की एवं तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजीव कहार को सौपा।इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता सुमित शिवहरे, आशीष सोनी, पार्षद निर्मला बेले, सहित किसान संघर्ष समिति के अनिल सोनी, आराधना भार्गव सहित अन्य नेता भी उपस्थित रहे

एवं विद्यार्थियों का समर्थन किया।विद्यार्थियों द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया देश में विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक हो रहे हैं, जिससे वर्षों तक दिन-रात मेहनत करने वाले होनहार छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इस पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। री नीट परीक्षाओं में विसंगति के कारण देश में 21 मासूम बच्चों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इस गंभीर त्रासदी की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पीड़ित परिवारों को न्याय व उचित मुआवजा दिया जाए।

कल 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 26 जुलाई को 33/11 केव्ही हमलापुर उपकेंद्र के नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन- 1 के प्रबंधक ने बताया कि रविवार को 33/11 केव्ही हमलापुर उपकेंद्र के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक खंजनपुर के दुर्गा वार्ड, कत्तलढाना, डिपो रोड, विकास नगर, गोयल फैक्ट्री, माचना नगर, अर्जुन वार्ड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार कालापाठा के लोहिया वार्ड, चुन्नीढाना, राजेन्द्र वार्ड, सिविल लाईन, सजंय कॉलोनी, मुर्गी चौक, शिवाजी वार्ड, स्वीपर कॉलोनी, जेएच कॉलेज रोड तथा गंज के आबकारी, सिन्धी कालोनी, देना बैंक, लोहिया वार्ड, तेल टंकी, लक्की सेंटर, कांतिशिवा टाकीज, सेन्ट्रल बैंक, एसबीआई बैंक, मेकेनीक चौक, अग्रवाल पेट्रोल पम्प, बीजेपी कार्यालय, डॉ. मुले गुरुद्वारा रोड, हाथी नाला, डॉ. लश्करे, बीएसएनएल ऑफिस, पुलिस क्वाटर हॉउसिंग बोर्ड, गंज महाराष्ट्र बैंक और ग्रीन सीटी के विनोबा नगर, विवेकानंद वार्ड, भग्गूढाना, खादी उद्योग के पास, ग्रीन सीटी, माचना नगर, हमलापुर चौक, फारेस्ट ट्रेनिंग सेन्टर, जजेस कॉलोनी आदि क्षेत्र में सप्लाई बंद रहेगी।

अलनीनो के प्रभाव एवं प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण

बैतूल। कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल के द्वारा जिले के 10 विकासखण्डों में पदस्थ कृषि विकास अधिकारियों को 21 से 24 जुलाई तक संस्थागत प्रशिक्षण दिया गया। केन्द्र के प्रमुख डॉ. एसके तिवारी के मार्गदर्शन मे आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यकम में जिले के 68 कृषि अधिकारियों ने भाग लिया। पौध संरक्षण वैज्ञानिक श्री आर.डी. बारपेटे द्वारा कीट रोग एवं उनके प्रकोप पर अलनीनो के प्रभाव की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी एवं उसके प्रबंधन उपाय पर चर्चा की। शस्य वैज्ञानिक डॉ. मेघा तिवारी द्वारा खरीफ फसलों में अलनीनो के प्रभाव को देखते हुये खरपतवार एवं पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जानकारी

प्रदान की गई। कृषि विस्तार वैज्ञानिक डॉ. संजीव वर्मा के द्वारा अलनीनो के प्रभाव के कारण फसल विविधीकरण एवं फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व के बारे मे बताया गया। पौध प्रजनक वैज्ञानिक डॉ. संजय जैन द्वारा अलनीनो के प्रभाव से जिन क्षेत्रों फसल खराब होने पर दूसरी फसल एवं उनकी उपयुक्त प्रजाति के बारे में जानकारी दी गई। खाद्य वैज्ञानिक डॉ. एमपी इंगले द्वारा श्री अन्न फसलों के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी एवं प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया। उप-संचालक आरजी रजक द्वारा नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी को कृषकों तक पहुंचाने का आव्हान किया।

ट्रस्ट में चार नए ट्रस्टियों का मनोनयन

बैतूल। जिले के सबसे बड़े धार्मिक ट्रस्ट श्री राममंदिर, शिव मंदिर, पार्वतीबाई राधाकृष्ण मंदिर, छोटा राम मंदिर एकीकृत ट्रस्ट बैतूल के संचालन के लिए चार नए ट्रस्टियों का मनोनयन किया गया है।

प्रसिद्ध ज्योतिष एवं ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष डॉ. कांत दीक्षित ने बताया कि ट्रस्ट में नए ट्रस्टियों के रूप में मोती वार्ड, कोठीबाजार बैतूल निवासी एवं वरिष्ठ समाजसेवी बसंत (बाबा) माकोड़े, तिलक वार्ड कोठीबाजार बैतूल निवासी आशुतोष दीक्षित, गांधी वार्ड कोठीबाजार बैतूल निवासी राजेंद्र शर्मा (लड्डू महाराज) एवं गांधी वार्ड कोठीबाजार बैतूल निवासी मनीष अग्रवाल को शामिल किया गया है। ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ वीनेंद्र वैद्य ने बताया कि इन नए ट्रस्टियों से ट्रस्ट की धार्मिक गतिविधियों में तेजी आएगी। साथ ही बड़े राममंदिर की दुकानों के पुर्ननिर्माण के लिए सभी दुकानदारों के साथ ट्रस्ट की संयुक्त बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। ट्रस्ट के नए ट्रस्टियों को ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित शहर के धार्मिक संस्थाओं से जुड़े सदस्यों ने बधाई दी है।

आयुष विंग में फिर शुरू हुई पंचकर्म चिकित्सा

बैतूल। जिला एलोपैथी चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग में पंचकर्म चिकित्सा सेवा पुनः शुरू हो गई है। आयुष विंग प्रभारी एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका ऊईके ने बताया कि पंचकर्म आयुर्वेद की शोधन चिकित्सा है, जिसके माध्यम से शरीर के विषैले तत्व (टॉक्सिन्स) बाहर निकालने के बाद औषधियों से उपचार किया जाता है। इसके तहत स्नेहन, स्वेदन, दीपन और पाचन जैसी पूर्व प्रक्रियाओं के बाद वमन, विरेचन, बस्ती, नस्य एवं रक्तमोक्षण जैसी प्रमुख क्रियाएं की जाती हैं।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकिकर ने बताया कि यह चिकित्सा संधिवात, आमवात, गठिया, मोटापा, मधुमेह, दमा, एक्जिमा, सोरायसिस सहित विभिन्न त्वचा रोगों, पक्षाघात, सिरदर्द, तनाव और अनिद्रा जैसी बीमारियों में प्रभावी मानी जाती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह सुविधा जिला अस्पताल के आयुष विंग तथा जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बैतूल में उपलब्ध है। मरीज आयुष विंग पहुंचकर पंचकर्म चिकित्सा का लाभ ले सकते है।

सारनी पुलिस ने तीन फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार

पाथाखेड़ा। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा फरार आरोपियों की धरपकड़ के उद्देश्य से सारनी थाना पुलिस ने सघन गश्त अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है।

मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सुनियोजित घेराबंदी करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे तीन वांटेड वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। सारनी पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान गिरफ्तार आरोपियों में गोपाल यादव (35 वर्ष), निवासी विजय नगर,

न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट का वांछित आरोपी, सुमित (27 वर्ष), पिता रामशंकर, अवैध हथियार रखने के मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 25 का स्थायी वारंटी तथा उमेश (30 वर्ष), पिता नानूलाल, निवासी सारणी बाजार चौक, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309 के तहत स्थायी वारंटी शामिल है।

बताया गया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर पर विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को वारंटियों के ठिकाने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें दबोच लिया।

इस कार्रवाई में सारनी थाना पुलिस की सतर्कता, प्रभावी रणनीति और टीमवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपराधियों और फरार वारंटियों के विरुद्ध ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून का प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जा सके।

सवाल जनपद पंचायत में नियम ताक पर, उपस्थिति और योग्यता दोनों पर सवाल

उपस्थिति नहीं, फिर भी देख रहे पंचायत की महत्वपूर्ण शाखाओं के कार्य

आमला। जनपद पंचायत आमला में संविदा एवं अटैच कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, संविदा ग्रेड-3 पर नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी बबन उमरे की उपस्थिति न तो कार्यालय के उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज की जा रही है और न ही सार्थक एप पर। इसके बावजूद वे पंचायत की महत्वपूर्ण शाखाओं का कार्य देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनकी हाजिरी केवल अधिकारियों की जानकारी तक सीमित है। सूत्रों के अनुसार, यह मामला केवल एक कर्मचारी तक सीमित नहीं है। जनपद पंचायत में कई ऐसे करमचर एवं अटैच कर्मचारी हैं, जिनकी नियमित उपस्थिति का

कोई अधिकृत रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पंचायत में 147 कर्मचारी सार्थक एप पर पंजीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 123 कर्मचारियों की ही उपस्थिति दर्ज दिखाई देती है। ऐसे में शेष कर्मचारियों की उपस्थिति किस आधार पर दर्ज मानी जा रही है, यह बड़ा सवाल बन गया है। इससे कार्यालय की पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

ट्रेजरी शाखा के प्रभारी की योग्यता पर भी सवाल : जनपद पंचायत की ट्रेजरी शाखा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि इस शाखा का कार्य देख रहे कर्मचारी इंदौरकर के पास न तो कंप्यूटर का आवश्यक डिप्लोमा है और न ही वित्तीय कार्यों के लिए अपेक्षित कंप्यूटर दक्षता। जबकि ट्रेजरी का पूरा कार्य अब कंप्यूटरीकृत प्रणाली से संचालित होता है। ऐसे में संबंधित कर्मचारी को इस महत्वपूर्ण शाखा की जिम्मेदारी दिए जाने पर सवाल उठ रहे हैं।नगर के युवा कानून सलाहकार जसवंत सिंह ठाकुर का कहना है कि जिस कर्मचारी के पास संबंधित कार्य की आवश्यक योग्यता नहीं हो, उसे अत्यंत महत्वपूर्ण वित्तीय शाखा का दायित्व सौंपना भविष्य में प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं का कारण बन सकता है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर योग्य एवं प्रशिक्षित कर्मचारी की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

रिकार्ड नहीं रखा गया, कहेंगे तो रजिस्टर बना लेगे

जब इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ पंकज दारोटिया से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा संविदा कर्मचारी और अटैच कर्मचारियों का कोई अलग उपस्थिति रिकॉर्ड नहीं रखा गया है। आप कह रहे हैं तो रजिस्टर बना लेंगे। सीईओ का यह बयान भी कई सवाल खड़े करता है। यदि संविदा और अटैच कर्मचारियों का नियमित उपस्थिति रिकॉर्ड ही नहीं रखा जा रहा, तो उनकी कार्य अवधि, जवाबदेही और सरकारी नियमों का पालन किस आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। यह विषय अब प्रशासनिक जांच की मांग कर रहा है।

आज निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा

बैतूल। जगन्नाथ का भात जगत पसारे हाथ... इसी भाव के साथ भगवान श्री जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा का उल्लास अब बैतूल में भी देखने को मिलेगा। शनिवार 25 जुलाई को इस्कॉन द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथ बैतूल पहुंच चुका है और इस्कॉन इंदौर की वरिष्ठ टीम भी आयोजन की तैयारियों के लिए बैतूल पहुंच गई है। रथयात्रा को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। हजारों श्रद्धालु भगवान के रथ को खींचने और उनके दर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होने और रथ खींचने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। आयोजकों के अनुसार रथयात्रा शनिवार 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे बैतूल गंज से प्रारंभ होगी।

MAA SHANTA DEVI
COLLEGE OF MANGAMENT
ITARSI ROAD SAKADEHI BETUL (M.P.)

FACULTY STAFF REQUIRMENT

Applications are invited for the college code 28 appointmentpost of teaching staff Management Program -

S.No	Post	Qualification	No. of Post
1	Professor	P.hd. M.B.A (Minimum Teaching Exp. 10 Year)	01
2	Associate Professor	P.hd. M.B.A (Minimum Teaching Exp. 08 Year)	04
3	Asst. Professor	M.B.A. (Minimum 2 Years Teaching Exp.)	02

(Affiliated to barkatullah university bhopal and recognized by AICTE new dehli)

Contact-Email- msdmcollegebtl@gmail.com, Mobile No.-7000863213,9425003213